MERCHANTS CHAMBER OF UTTAR PRADESH

Regd. Office : 14/77, Civil Lines, Kanpur - 208 001
Phone : (0512) 2531306
Email : merchantschamberup@gmail.com
Website : www.merchantschamberup.com

Atul Kanodia	Abhishek Singhania	Mahendra Nath Modi
President	Vice President	Secretary
9935507040	0512-6716600	9936337580

प्रेस विज्ञप्ति

आज दिनाँक 15.08.2023 को मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश में 77वें स्वतंत्रता दिवस समारोह पर प्रातः 09:00 बजे अध्यक्ष- श्री अतुल कानोडिया द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

इसके पश्चात् सायंकाल 04:00 बजे से मर्चेन्ट्स चैम्बर ऑफ़ उत्तर प्रदेश की वुमेन एन्टरप्रेन्योर कमेटी द्वारा युवा मेधावी चार्टर्ड एकाउंटेंट का सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि- सी.ए. अक्षय गुप्ता तथा प्रेरक वक्ता प्रो. (डॉ.) अजीत चतुर्वेदी रहे।

मुख्य अतिथि- सी.ए. अक्षय गुप्ता ने बताया कि चार्टर्ड अकाउंटेंट यानी सीए हमारे देश में काफी प्रतिष्ठा भरा करियर है। सीए करने के लिए आपको तीन एग्जाम क्लियर करने होते है, सीपीटी (एंट्रेंस एग्जाम), आईपीसीसी (इंटरमीडिएट एग्जाम) और फाइनल सीए। एग्जाम कॉमन प्रोफिसिएंसी टेस्ट (CPT) सीए में करियर बनाने के लिए इसकी शुरूआत कॉमन प्रोफिसिएंसी टेस्ट सीपीटी से होती है जिसे पास करने के बाद ही छात्र अपने लक्ष्य के पहले पड़ाव को पार कर दूसरे पड़ाव पर पहुंच सकते है। यह एक जिम्मेदारी से भरा व्यवसाय हैं, जहाँ सेवा व कानून की अनुपालना ही सर्वोच्च है।

प्रेरक वक्ता प्रो. (डॉ.) अजीत चतुर्वेदी ने बताया कि चार्टर्ड अकाउंटेंट समुदाय व्यवसाय क्षेत्र का एक ऐसा मजबूत स्तंभ है, जो सुशासन को ताकत देता है। उन्होंने कहा कि उन पर अर्थव्यवस्था की सच्ची सेहत को प्रतिबिंबित करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। नैतिक मूल्यों पर सावधानी से चलते हुये ही हमें बही को सही करना है। हाल के समय में महिला चार्टर्ड अकाउंटेंट की बढ़ती संख्या के बारे में बोलते हुए ने कहा कि यह एक सर्वविदित तथ्य है कि महिलाएं आमतौर पर कुशल वित्त प्रबंधक या अकाउंटेंट होती हैं। उन्होंने कहा कि भारत में घरेलू बचत एक परंपरा है और महिलाओं को कठिन समय के लिए बचत करने की आदत है। उन्होनें कहा कि सरकार के साथ चार्टर्ड अकाउंटेंट पेशेवरों के प्रयासों से देश में कर आधार लगातार बढ़ रहा है, अधिक से अधिक लोग कर अनुपालन व्यवस्था को अपना रहे हैं।

कार्यक्रम का संचालन सी. ए. छवि जैन ने किया एवं धन्यवाद प्रस्ताव श्रीमती मानसी लोहिया ने ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सर्वश्री सुधीन्द्र जैन, सन्तोष गुप्ता, कमल रहेजा, अमित पाण्डेय, डॉ० आरती गुप्ता, प्रिया रहेजा, शालिनी पाण्डेय, सीमा लाहोटी एवं चैम्बर के सचिव- महेन्द्र नाथ मोदी उपस्थित रहे।

CIN : U91110UP1932NPL000467 GSTIN : 09AABTM3103H1ZW